Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 28 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 90

# पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व पीएम के आवास पहुंच की श्रद्धांजलि अर्पित

नई दिल्ली । आरएनएस





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के आवास पर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। उनके साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया था।

प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह और केंद्रीय मंत्री नड्डा ने पूर्व पीएम के परिजनों संग मिल शोक संवेदना व्यक्त की।

डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में रखा जाएगा, जहां आम लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद उनके अंतिम संस्कार का आयोजन राजघाट के पास किया जाएगा।

मनमोहन सिंह साल 2004 से 2014 तक दो बार प्रधानमंत्री रहे थे। उनकी गिनती देश के बड़े अर्थशास्त्रियों में होती थी।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की निधन की खबर मिलने के बाद एम्स के बाहर भारी संख्या में दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है।

केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। साथ ही शुक्रवार को होने वाले सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े बेलगावी से देर रात दिल्ली पहुंचने के बाद सीधे मनमोहन सिंह के आवास गए थे। राहुल ने एक्स पर लिखा- मैंने अपना मार्गदर्शक और गुरु खो दिया।

बता दें, मनमोहन सिंह 1998 से 2004 तक विपक्ष के नेता भी रहे। हालांकि, साल 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत के बाद उन्होंने देश के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यूपीए-1 और 2 में प्रधानमंत्री का पद संभाला था।


उन्होंने पहली बार 22 मई 2004 और दूसरी बार 22 मई 2009 को प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली थी।

डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को पश्चिमी पंजाब के गाह में हुआ था, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। उनके पिता का नाम गुरमुख सिंह और मां का नाम अमृत कौर था।

उन्होंने साल 1958 में गुरशरण कौर से शादी की थी। उनकी तीन बेटियां भी हैं, जिनका नाम उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह हैं।

## 1991 में पेश बजट मील का पत्थर था, डॉ. सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बनाया उदार : वित्त मंत्री सीतारमण

नई दिल्ली । आरएनएस



शीर्ष राजनीतिक नेताओं और उद्योगपतियों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व, विनम्रता और समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक दूरदर्शी नेता थे और उन्होंने आरबीआई के गवर्नर और भारत के वित्त मंत्री के रूप में देश के बड़े कार्यभार संभाले। वित्त मंत्री सीतारमण ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, 1991 में पेश बजट मील का पत्थर था, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को उदार बनाया। वे सभी के द्वारा सम्मानित, मृदुभाषी और सौम्य थे। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदना।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री और प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री के निधन पर गहरा दुख है।

गोयल ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, भारत के आर्थिक सुधारों में उनके योगदान ने राष्ट्र के लिए विकास का एक नया मार्ग प्रशस्त किया। एक राजनीतिक दिग्गज, उनकी बुद्धिमत्ता, विनम्रता और सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें पूरे राजनीतिक स्पेक्ट्रम में सम्मान और प्रशंसा दिलाई।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पोस्ट किया पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन से दुखी हूं। उनके नेतृत्व, विनम्रता और समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा।

इस बीच, आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने कहा कि डॉ. सिंह एक सच्चे राजनेता थे, जिनका शांत व्यवहार उनके परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाता था।

गोयनका ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, आर्थिक सुधारों के एक वास्तुकार, उन्होंने बुद्धि, शालीनता और ईमानदारी के साथ आधुनिक भारत को आकार दिया। एक नेता जो शब्दों की तुलना में कामों को जोर से बोलता था। रेस्ट इन पीस।

महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने लिखा, अलविदा डॉ. मनमोहन सिंह। आपने इस देश को प्यार किया और इसके लिए आपकी सेवा को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। ओम शांति। विनम्रता और बुद्धि के व्यक्ति, डॉ. सिंह भारत और विश्व स्तर पर एक सम्मानित व्यक्ति थे। उनके नेतृत्व में भारत ने लगातार आर्थिक विकास देखा, गरीबी कम की और विश्व मंच पर देश की स्थिति मजबूत हुई। उनके परिवार में उनकी पत्नी गुरशरण कौर और तीन बेटियाँ हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ईडी ने ऑक्टाएफएक्स के 800 करोड़ रुपये के घोटाले का किया पर्दाफाश, कंपनी ने ट्रेडों में की थी हेराफेरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म ऑक्टाएफएक्स से जुड़ी 800 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा किया है, जिसमें एक जटिल योजना का खुलासा हुआ है जिसने ऑपरेशन के केवल नौ महीनों में भारतीय निवेशकों को धोखा दिया था। पुणे के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन की दिसंबर 2021 की एफआईआर के बाद शुरू हुई ईडी की जांच में आरोप लगाया गया कि ऑक्टाएफएक्स ने विदेशी मुद्रा व्यापार के माध्यम से उच्च रिटर्न के वादे के साथ निवेशकों को गुमराह किया। कंपनी ने कथित तौर पर निवेशकों के लिए नुकसान उत्पन्न करने के लिए ट्रेडों में हेराफेरी की, जबकि फंड को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के रूप में प्रच्छन्न शेल खातों और संस्थाओं में स्थानांतरित कर दिया।

### मऊगंज में बोलेरो वाहन ने दो को कुचला हुई मौत, वाहन में तोडफ़ोड़ चालक फरार, जांच में जुटी पुलिस

**मऊगंज (आरएनएस)।** मऊगंज जिले के हनुमना में दो लोगों को फोर व्हीलर वाहन ने तक्कड़ मारते हुए कुचल दिया है , रीवा और मऊगंज में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई सूचना के बाद भी नहीं पहुंची 108 एंबुलेंस गंभीर रूप से घायल हुए दो युवकों ने तोड़ा दम समय पर नहीं मिली जीवनदायनी 108 एमपी में कहने को तो विन्ध्य का सबसे बड़ा अस्पताल रीवा का संजय गांधी अस्पताल माना जाता है मगर मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम के गृह ग्राम जिला रीवा व मऊगंज में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल एक बार फिर से खुलती नजर आई है ।

### हिंदुओं के बाद अब ईसाइ समुदाय के लोग निशाने पर, बांग्लादेश में क्रिसमस की रात 17 घरों को किया आग के हवाले

**ढाका ।** बांगलादेश में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। पहले यहां हिंदुओं के साथ अत्याचार हुआ। अब ईसाइयों के साथ उत्पीडऩ की खबरें सामने आ रही हैं। बंदरबन जिले में अज्ञात बदमाशों ने क्रिसमस की रात को त्रिपुरा समुदाय के 17 घरों को आग के हवाले कर दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब ये सभी क्रिसमस के त्योहार में भाग लेने के लिए दूसरे गांव गए थे। उनके गांव में कोई चर्च नहीं था। जानकारी के मुताबिक, त्रिपुरा समुदाय के 19 में से 17 घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। इस घटना के बाद एक पीड़ित गंगमनी त्रिपुरा ने कहा, आज हमारा सबसे खुशहाल दिन था, लेकिन मैंने कभी सोचा नहीं था कि क्रिसमस पर ऐसा कुछ होगा। हम अपराधियों को कड़ी सजा की मांग करते हैं। कुंडजिरी क्षेत्र में त्रिपुरा समुदाय कई पीढिय़ों से निवास कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ साल पहले उन्हें जबरन वहां से निकाला गया था जब यह दावा किया गया कि यह क्षेत्र एक पुलिस अधिकारी की पत्नी को किराए पर दे दिया गया था। महिला अवामी लीग शासन के दौरान इन्सपेक्टर जनरल ऑफ पुलिस थीं। लोगों को हटाए जाने के बाद गांव में पेड़ लगाए गए थे।

## साल की अंतिम सोमवती अमावस्या 30 को, बन रहा दुर्लभ संयोग

नई दिल्ली । आरएनएस



सोमवती अमावस्या सबसे शक्तिशाली दिनों में से एक है, क्योंकि यह दिन पूर्वजों को समर्पित है। सोमवार को पडऩे की वजह से इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। यह तिथि आत्म शुद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। कहते हैं कि जो साधक अपने जीवन की तमाम समस्याओं से छुटकारा पाना चाहते हैं, उन्हें इस दिन ज्यादा से ज्यादा पूजा-पाठ और दान-पुण्य करना चाहिए। इससे व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, 30 दिसंबर, 2024 दिन सोमवार को साल की अंतिम सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी।

**ये चार काम करने से खुलेगी बंद किस्मत**

**पितरों का करें तर्पण** – अमावस्या का दिन बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन अपने पूर्वजों का एक जानकार पुजारी के माध्यम से तर्पण कराना चाहिए। इससे जीवन में खुशहाली आती है और कुंडली से पितृ दोष समाप्त होता है।

**पिंडदान करें** – अमावस्या पूर्वजों का पिंडदान करने का सबसे सही दिन है। ऐसे में जिन्हें अपने पूर्वजों की मृत्यु की तिथि न पता हो, तो वे इस दिन अपने पितरों का पिंडदान कर सकते हैं।

**ध्यान करें** – अपने आप से जुड़ें और मार्गदर्शन के लिए पूर्वजों का ध्यान करें।

**दान-पुण्य करें** – अमावस्या के दिन ज्यादा से ज्यादा दान और पुण्य करें। कहा जाता है कि इस दिन भोजन, कपड़े और अन्य आवश्यकता की चीजों का दान करने से भाग्य प्रबल होता है। साथ ही पितृ प्रसन्न होकर मनचाहा फल देते हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले को लेकर भड़का अमेरिका, मोहम्मद यूनुस को फोन पर दे डाली सख्त चेतावनी

ढाका




बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और हमलों के मद्देनजर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने गहरी चिंता व्यक्त की है। संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सख्त चेतावनी देते हुए सभी नागरिकों के मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बांग्लादेश के अंतरिम सरकार प्रमुख मुहम्मद यूनुस से फोन पर बातचीत की और हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर चिंता व्यक्त की। व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने धर्म की परवाह किए बिना सभी लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान करने और उनकी रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

संयुक्त राष्ट्र ने भी ढाका से आग्रह किया है कि वह देश के सभी नागरिकों के मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने हाल ही में बांग्लादेश में मानवाधिकारों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है।

ग्लादेश में हिंदू मंदिरों और समुदाय के सदस्यों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। विशेष रूप से शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से हिंसा में वृद्धि देखी गई है। व्हाइट हाउस ने 13 दिसंबर को कहा था कि राष्ट्रपति जो बाइडन बांग्लादेश की स्थिति पर बारीकी से नजऱ रख रहे हैं और अमेरिका देश की अंतरिम सरकार को धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेह ठहराएगा।

### इस एयरलाइंस के सिस्टम पर साइबर अटैक, रोकी गई टिकटों की बिक्री; कई उड़ानें प्रभावित

**टोक्यो ।** जापान एयरलाइंस पर साइबर अटैक हुआ है। इससे विमान सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। टिकटों की बिक्री भी रोक दी गई हैं। एयरलाइन्स के बैगेज चेक इन सिस्टम में भी समस्या है। जापान एयरलाइंस की तरफ से समस्या को रिजॉल्व करने की कोशिश की जा रही है। जापान एयरलाइंस ने ट्वीट कर बताया, आज सुबह 7.24 बजे से हमारे इंटरनल और एक्सटरनल नेटवर्क इक्विपमेंट्स पर साइबर हमला हुआ है। इसकी वजह से हमारे सिस्टम में समस्याएं आ रही हैं। इसका असर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों पर पड़ रहा है। साइबर अटैक के कारण टिकटों की बिक्री बंद कर दी गई है।

## लिव-इन में रह रहे कपल की अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगे 20 लाख रुपए, पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ा

पानीपत । आरएनएस



हरियाणा के पानीपत शहर में लिव-इन में रह रहे कपल की निजी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी सीसीटीवी लगाने का काम करते थे।

आरोपियों की पहचान राहुल निवासी घरौंडा व मंजीत निवासी बराना गांव के रूप में हुई है। आरोपियों ने लिव-इन में रह रहे कपल का निजी वीडियो वायरल करने के एवज 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे।

डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि हमें शिकायत मिली की लिव-इन में रह रहे जोड़े का अश्लील वीडियो बनाकर, उसे वायरल करने की धमकी देकर दो लोग कपल से 20 लाख रुपये की मांग कर रहे है। वह कभी 10 लाख कभी 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। सीआईए-1 के इंचार्ज दीपक ने जांच करते हुए राहुल निवासी घरौंडा, मंजीत निवासी गांव बराना को गिरफ्तार किया।

डीसीपी सतीश ने बताया कि दोनों आरोपी सीसीटीवी कैमरे ठीक करने और इंस्टॉल करने का काम करते हैं। आरोपियों ने लिव-इन कपल के सीसीटीवी कैमरों को फोन में इंस्टॉल करने के बहाने उनकी जी-मेल आईडी और पासवर्ड पूछ लिया था।

डीएसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से लिव-इन में रह रहे जोड़े के आपसी रिश्तों की वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी की एवज में 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। दोनों आरोपियों को 5 लाख देने पर वीडियो वायरल नहीं करने पर सेटलमेंट हुआ। उन्होंने बताया कि जोड़े ने पुलिस में शिकायत दी और दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## पंजाब में दर्दनाक हादसा : नाले में बस गिरने से 10 लोगों की मौत, एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में जुटी

बठिंडा । आरएनएस



बठिंडा के जीवन सिंह वाला गांव के पास शुक्रवार को एक भीषण बस हादसा हुआ। गुरु काशी कंपनी की एक बस अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी, जिससे 10 लोगों की मौत हो गई और 24 से अधिक लोग घायल हो गए।

हादसा तलवंडी साबो से बठिंडा की ओर जा रही बस के साथ हुआ। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

बस के नाले में गिरने के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया। स्थानीय विधायक जगरूप सिंह गिल ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि इस हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 5 अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ा। उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## पर्यटकों से गुलजार शिमला, पिछले 48 घंटों में करीब एक लाख पर्यटक पहुंचे

शिमला । आरएनएस



पहाड़ों की रानी शिमला इस समय पर्यटकों से गुलजार है। इसका सबसे बड़ा कारण हाल ही में यहां हुई बर्फबारी और शिमला नगर निगम प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया विंटर कार्निवल है। हालांकि, इसे अब 1 जनवरी तक स्थगित कर दिया गया है। पर्यटकों में शिमला आने का उत्साह इस बात से स्पष्ट होता है कि पिछले 48 घंटों में शिमला में करीब 60 हजार वाहन पहुंचे हैं, जिनमें से अधिकांश वाहन पर्यटकों के ही हैं। कुल मिलाकर लगभग 1 लाख पर्यटक शिमला पहुंचे हैं।

हाल ही में हुई बर्फबारी की वजह से शिमला का ऊपरी क्षेत्र पूरी तरह से कट चुका था। प्रशासन की ओर से सडक़ों को बहाल करने का काम अभी भी जारी है। मौसम विभाग ने बर्फबारी को लेकर फिर से अलर्ट जारी किया है।

शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक सुरक्षा और क्राउड मैनेजमेंट को सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष योजना बनाई है, ताकि पर्यटकों को शिमला पहुंचने पर किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि नए साल के जश्न को लेकर शिमला जिले के उपयुक्त के साथ एक बैठक हो चुकी है, जिसमें पुलिस प्रशासन और सभी अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि नए साल का जश्न मनाने शिमला आने वाले पर्यटकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि शिमला को 5 सेक्टर में बांटा गया है। इसके साथ ही कई ऐसी जगहों की पहचान की जा चुके हैं, जहां पर बर्फबारी के बाद रोड बंद हो जाता है या सडक़ों पर फिसलन बढ़ जाती है। कई सालों बाद दिसंबर में यहां बर्फबारी हुई है। पुलिस प्रशासन की ओर से जितनी भी तैयारी की गई थी, उसे अच्छे से एग्जीक्यूट किया जा रहा है। विभिन्न स्थानों की जिओ मैपिंग भी की गई है, जहां पर चैलेंजिंग पॉइंट हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फागू, कुफरी, नारकंडा, चौपाल और खिडक़ी ऐसे इलाके हैं, जहां पर सबसे ज्यादा चुनौतियां बर्फबारी के दौरान देखने को मिलती है। इन सभी क्षेत्रों में क्विक रिएक्शन टीम सभी जगह पर तैनात की गई है। इसके अलावा अगर शिमला लोकल की बात की जाए तो यहां संजौली, पंथाघाटी, ढली और माल रोड के आसपास भी मशीनों को तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा फिसलन भरी जगहों पर रेत भी बिछाई जा रही है, ताकि पैदल चलने वालों को भी समस्याओं का सामना न करना पड़े।